आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 61/2025 अनवान *मुन्नी व अन्य बनाम सरलादेवी वगैरा*

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.10.25	पत्रावली पेश हुई। वकील अपीलांट एवं रेस्पो0सं0 1 से 3 के अधिवक्ता उपस्थित, शेष रेस्पो0 पूर्व से अनुपस्थित। वकील अपीलान्ट ने प्रकरण में दिनांक 29.07.2025 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मिसल तलब करने एवं अपील जरिये विड्रो खारिज करने" के संदर्भ में मुख्यतः यह आग्रह किया कि अपीलांट ने वादग्रस्त खसरान बाबत एक और अपील न्यायालय अपर जिला कलेक्टर जोधपुर (प्रथम) के समक्ष प्रस्तुत की थी। जिसे स्वीकार कर आदेश पारित किया जा चुका है। जिससे मौजूदा अपील में विवादित नामान्तरकरण स्वतः निरस्त हो गया है। अतः अपीलांट उक्त अपील जरिये विड्रो खारिज करवाना चाहते है। उक्त प्रार्थना पत्र की प्रति रेस्पो0 अधिवक्ता को उपलब्ध करवायी हुई है, जिनके द्वारा कोई आपत्ति व्यक्त नही की गई। अतः वकील अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलान्ट की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारीज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किये जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय को निर्णय की सत्यप्रति से सूचित किया जावे। निर्णय आज दिनांक 28.10.25 को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। (हस्ताक्षर) 28/10/25 (सुनिता चौधरी) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	